दिनांक- 1.10.2022

प्रेस विज्ञप्ति

****

रेलटेल के रेलवायर कनेक्शन को Unchained किया गया – किसी उद्योग का पहला कदम।

"रेलवायर", रेलटेल का रिटेल ब्रॉडबैंड कनेक्शन पूरे भारत के 6105 रेलवे स्टेशनों पर रेलटेल के वाई-फाई नेटवर्क के रूप में उपलब्ध है।

****

रेलटेल के रिटेल ब्रॉडबैंड "रेलवायर" के ग्राहक अब अपने होम ब्रॉडबैंड का उपयोग भारतीय रेल के 6105 रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध रेलटेल के हाई स्पीड वाई—फाई नेटवर्क के द्वारा कर सकते हैं। रेलवायर सब्सक्राइबरों को रेलवे स्टेशनों पर प्रीपेड वाई—फाई प्लान खीरदने की कोई आवश्यकता नहीं है और अपने "रेलवायर" एफटीटीएच सब्सक्रिप्शन का उपयोग रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध रेलटेल के वाई—फाई नेटवर्क द्वारा कर सकते हैं।

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए उन्हें केवल अपने स्मार्टफोन का इस्तेमाल करना होगा, वाई-फाई को स्विच ऑन करें, रेलवायर एसएसआईडी को सलेक्ट करें और रेलवायर यूज़र आईडी तथा पासवर्ड पंच करने के लिए केप्टिव पोर्टल (लाग-इन स्क्रीन) पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें।

रेलवे स्टेशनों पर रेलटेल का वाई-फाई नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है और पूरे विश्व में इकहरे सबसे बड़े पब्लिक वाई-फाई नेटवर्कों में से एक है जिसका उपयोग प्रतिदिन अद्वितीय रूप से 10 लाख से अधिक उपयोगकर्ता करते हैं।

इस समय पूरे भारत में रेलवायर से 4.82 लाख सब्सक्राइबर हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

हाल ही में, रेलटेल ने "रेलवायर सतरंग (SATRANG)" की शुरुआत की है जो विविध सुविधा लिए मल्टी स्क्रीन ब्रॉडबैंड एंटरटेनमेंट पैकेज लिए होता है जो "ऑन दि गो" (रेलवायर के द्वारा सब्सक्राइब करें और कहीं भी उपयोग करें) ओटीटी (ओवर-दि-टॉप) एंटरटेनमेंट कंटेंट की स्ट्रीमिंग का एक नया डिजिटल अनुभव देता है, इसकी प्रतिक्रियाएं बहुत ही उत्साहजनक रही हैं। ओटीटी कंटेंट का अब किन्हीं भी 6105 रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन वाई-फाई नेटवर्क का इस्तेमाल करके आनंद लिया जा सकता है जबकि अन्य पारिवारिक सदस्य उसी समय होम ब्रॉडबैंड पर ओटीटी का आनंद उठा सकते हैं।

14 ओटीटी के साथ, ओटीटी बंडल्ड रेलवायर ब्रॉडबैंड प्लान 499/- रु. प्रति माह से शुरु होते हैं, जो बहुत सस्ते हैं और पूरे देश में उपलब्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवायर की इंटरनेट पेनिट्रेशन है और इसके 50% से अधिक सब्सक्राइबर अर्द्ध-शहरी/ ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।

इस संबंध में बोलते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने कहा कि, "रेलटेल रेलवायर इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका डेटा की मांग वाले क्षेत्रों में सघन विस्तार है, जो अधिक जानकारियां उपलब्ध कराता है और अपने रेलवायर ग्राहकों के लिए निकट भविष्य में महत्वपूर्ण सुविधाएं जुटाने के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे भारत में स्टेशन वाई-फाई नेटवर्क पर होम ब्रॉडबैंड प्लान उपलब्ध कराना हमारे सम्माननीय रेलवायर ग्राहकों के लिए एक अनोखी महत्वपूर्ण सुविधा है।"

रेलटेल के बारे में

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए देश के रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

अधिक जानकारी के लिए,कृपया संपर्क करें -

sucharita@railtelindia.com